पीएम मोदी ने की यूपी में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● गुजरात के गांधी नगर में यूपीनेडा की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री ने अवलोकन किया

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बीते रविवार को गुजरात के गांधीनगर में भारत सरकार के न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा आयोजित समिट में यूपीनेडा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवलोकन कराया। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना तथा प्रदेश के शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से संतोष व्यक्त किया और उन्होंने अपने वक्तव्य में भी अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा प्रदेश के अन्य शहरों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और इसके सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की प्रशंसा की।